जब जपेगा शिव का नाम तेरे बनेगे बिगडे काम

सुबह सुबह तू निस दिन जाया कर शिव् के मंदिर
सुबह सुबह तू उठ के निस दिन शिव के मंदिर जाया कर
जब जपेगा शिव का नाम तेरे बनेगे बिगडे काम
जब जपेगा शिव का नाम तेरे बन जायेगे सारे काम

शिव भजनामृत पीने वाला जग में अमर हो जाए
महाकाल के भगतो को काल का बेह न सताये
शिव भगती की गंगा में तू लगा ले घोटे सुबहो शाम
जब जपेगा शिव का नाम तेरे बनेगे बिगडे काम

शिव सुमिरन बिन मुकत न होगा जन्मो के बंधन से
मोक्श भी दे देंगे शम्भु ध्यान लगा ले मन से
काम करेंगे शिव अपना तू किये जा बंदे अपना काम
जब जपेगा शिव का नाम तेरे बनेगे बिगडे काम

अनुरादा के जैसा जिस दिन तू शिव का हो जाएगा
मिल जायेगे शिव तुझको तू शिव में खो जाएगा
तेरी आत्मा बन जायेगी अविनाशी का पावन धाम
जब जपेगा शिव का नाम तेरे बनेगे बिगडे काम

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/20145/title/jab-japega-shiv-ka-naam-tere-bange-bigde-kaam

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |